मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-237
30/04/2021

वरिष्ठ पत्रकार सुकांत नागार्जुन के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 30 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वरिष्ठ पत्रकार सुकांत नागार्जुन की कोरोना संक्रमण से हुई मौत पर शोक और गहरी संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे ख्याति प्राप्त पत्रकार थे। उन्होंने कई समाचार पत्रों का संपादन किया। वे महान कवि बाबा नागार्जुन के पुत्र थे। सुकांत नागार्जुन के निधन से पत्रकारिता जगत में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******